## गुस्ताखी माफ



लगता है पुल पर लगा, फंड हाफ से हाफ।
सिर्फ.चार आने लगा, बारह आने साफ।
बारह आने साफ, माल आधा भी जड़ते।
इतनी जल्दी नहीं, सड़क पर गड्ढे पड़ते।
कह साहिल कविराय, महकमा यूं ही ठगता।
फंड हाफ से हाफ, चार आने ही लगता।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 138 | FRIDAY 29-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER  Visit at : www.uturntime.com

# अपने ही अपनों से ले रहे फिरौती, केंद्रीय एजेंसियों के नाम से डराकर की जा रही अवैध वसूली

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा लगातार गेमिंग, हवाला कारोबार और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में एक्शन लिया जा रहा है। जिसके चलते लुधियाना में भी पिछले कुछ समय के दौरान केंद्रीय एजेंसियों ने कार्रवाई की है। एजेंसियों द्वारा तो तथ्यों के आधार पर अपने सत्र पर एक्शन लिया जा रहा है। लेकिन शहर के कुछ लोगों ने इसका गलत फायदा उठाना शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते शहर के ही कुछ लोगों द्वारा अपने कारोबारी रिश्तेदारों को केंद्रीय एजेंसियों का डरावा देकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। लगातार ऐसे मामले सामने आने के बाद कारोबारी जगत में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। ताजा मामला बाजवा नगर एरिया का सामने आया है। जहां पर एक होजरी कारोबारी से उसी के रिश्तेदार ने एक केंद्रीय एजेंसी के नाम का डर बनाकर करीब 40 लाख रुपए ले लिए। लेकिन जब इस मामले का खुलासा हुआ तो विवाद बढ़ गया। जिसके बाद शहर के कुछ प्रमुख लोगों द्वारा बीच बचाव कर मामला शांत कराया। फिर फंसने के डर से ठग द्वारा अपने रिश्तेदार को उक्त रकम वापिस भी कर दी गई।




*अपने ही अपनों से डरने लगे...वहीं चर्चा है कि इस मामले के बाद अब अपने ही अपनों से डरने लग गए हैं। जिसके चलते अगर किसी के भी कारोबार में कुछ सही या गलत हो रहा है, तो वह उसे किसी को बताने की जगह अपने तक ही सीमित रखता है। क्योंकि कल को इसी कमियों का फायदा उठाकर कब, उसे कौन और कहां फंसा दें, इसका कुछ नहीं पता। जिसके चलते सभी अब अपने कारोबार का पर्दा रखने लग गए हैं।*

**पहले खुद निकाली कमियां...**चर्चा है कि पीड़ित का बाजवा नगर में होजरी का कारोबार है। कारोबार बड़ा होने के चलते उसमें कई तरह की कमियां भी होती है। कारोबारी द्वारा इसका किसी को न पता चलने का सोचकर अपना काम जारी रखा गया। लेकिन इस बीच उसके एक रिश्तेदार का कारोबार परिसर में आना जाना था। उक्त रिश्तेदार ने धीरे-धीरे कर कारोबारी से उसके व्यापार की कमियों की जानकारी हासिल करता रहा। फिर उसी का फायदा उठाया गया।

**रिश्तेदार अधिकारी के जरिए कराया फोन...**चर्चा है कि कारोबार की सारी जानकारी हासिल करने के बाद उक्त व्यक्ति ने आगे अपने एक रिश्तेदार से संपर्क किया। बताया जा रहा है कि वह रिश्तेदार एक केंद्रीय जांच एजेंसी में उच्च पद पर तैनात है। उक्त व्यक्ति ने रिश्तेदार अधिकारी के जरिए किसी और से कारोबारी को कॉल करवाई। कॉलर ने कारोबारी की फाइल खुलने, उसके द्वारा कारोबार में किए जा रहे हेरफेर में एक्शन लेने की बातें करके डराया। कारोबारी भी अंदरुनी चीजें एजेंसी को पता होने की सोचकर घबरा गया।


**40 लाख में की सेटिंग...**चर्चा है कि कॉल के बाद कारोबारी काफी डर गया और अपने रिश्तेदार व्यक्ति से संपर्क किया। उसने उसे आगे अपने रिश्तेदार अधिकारी से मामले संबंधी बात करने को कहा। पहले से प्लानिंग होने के चलते व्यक्ति ने कारोबारी के सामने ही रिश्तेदार अधिकारी को कॉल कर फोन स्पीकर पर रखा। अधिकारी ने जमकर फिर कारोबारी को डराया। जिसके बाद 40 लाख रुपए देकर सेटिंग की गई।

**वेंडर ने किया खुलासा....**चर्चा है कि पीड़ित कारोबारी ने आगे अपने वेंडर्स को इसकी जानकारी दी और बताया कि उनकी जानकारी भी केंद्रीय एजेंसियों के पास है। वह भी उनसे समझौता कर लें। इस दौरान एक वेंडर ने इंकार कर दिया और कारोबारी से मामले की पूरी जानकारी हासिल की। वेंडर ने अपने सत्र पर जब जांच करवाई तो मामले का खुलासा हो गया। फिर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देनी चाही, लेकिन शहर के प्रमुख लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया और पेमेंट वापिस करवाई।

PUDA APPROVED /RERA REGISTERED
INDUSTRIAL PLOTS FOR HOSIERY/ TEXTILE INDUSTRY
PBRERA-LDH44-P10017
Amenities
1. No NOC Required
2. No CLU Required
3. 24X7 Security
4. Gated Industrial Project
5. Sewage Pipline
6. 60 ft. Wide Internal Roads
7. Eco-Friendly Park
8. Fire brigade & Ambulance Services
CLD
CIRCLE LAND DEVELOPERS
SHREE ROOP JI INDUSTRIAL ESTATE
READY FOR POSSESSION
RAHON ROAD LUDHIANA
91118-14111, 98887-40468, 98767-08111, 79999-91186

# विकसित भारत 2047 ? अर्थव्यवस्था पर रूल ऑफ 72 लागू करें और जानें कि 2027 में भारत कहाँ होगा ?

कुछ साल पहले, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 के विजन की घोषणा की थी, तो इसे एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय मिशन के तौर पर पेश किया गया था। यह एक बड़ा लक्ष्य था: कि आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक, भारत दुनिया के विकसित देशों की कतार में खड़ा होगा। आर्थिक रूप से शक्तिशाली, तकनीकी रूप से उन्नत और सामाजिक रूप से समृद्ध। इसमें कोई शक नहीं कि पिछले एक दशक में भारत ने काफी प्रगति की है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, बढ़ता निर्यात, मैन्युफैक्चरिंग के लक्ष्य और भू-राजनीतिक महत्व ने देश की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक और लगातार अस्थिर होती जा रही वैश्विक व्यवस्था में एक अहम आवाज के तौर पर उभरा है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

फिर भी, आर्थिक लक्ष्यों को आखिरकार आर्थिक गणित का सामना करना ही पड़ता है।

'रूल ऑफ 72' जिसका इस्तेमाल आमतौर पर बैंकिंग और फाइनेंस में होता है। यह अंदाजा लगाने का एक आसान तरीका बताता है कि किसी पैसे या अर्थव्यवस्था को दोगुना होने में कितना समय लगेगा। 72 को सालाना विकास दर से भाग दें, और जो जवाब आएगा, वह लगभग दोगुना होने की अवधि बताएगा। 6 प्रतिशत की विकास दर पर, कोई अर्थव्यवस्था लगभग 12 साल में दोगुनी हो जाती है। 7 प्रतिशत की विकास दर पर, यह लगभग 10 साल में दोगुनी हो जाती है।

आज भारत के पास 2047 तक पहुँचने के लिए मुश्किल से दो दशक बचे हैं। अगर हम बहुत आशावादी होकर भी सोचें, तो भी इस दौरान अर्थव्यवस्था असल में सिर्फ.दो बार ही दोगुनी हो पाएगी। चुनौती यह है कि विकसित राष्ट्र का दर्जा सिर्फ.ऋद्ध के कुल आकार से तय नहीं होता। यह प्रति व्यक्ति आय, उत्पादकता, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्थागत गुणवत्ता और जीवन स्तर के कुल स्तर पर निर्भर करता है।यहीं पर गणित थोड़ा मुश्किल हो जाता है।

भारत की विशाल आबादी का मतलब है कि आर्थिक लाभ 1.4 अरब से ज्यादा लोगों में बँट जाते हैं। महंगाई, नाममात्र की विकास दर के असर को और भी कम कर देती है। 7 प्रतिशत की विकास दर और साथ में 4 से 5 प्रतिशत की महंगाई दर, आम परिवारों के लिए असल आय में बहुत कम बढ़ोतरी कर पाती है। अर्थव्यवस्था का आकार भले ही बड़ा हो जाए, लेकिन इससे अपने-आप नागरिक बहुत ज्यादा अमीर नहीं हो जाते।

इस बीच, बाहरी माहौल भी लगातार अनिश्चित होता जा रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष, खासकर ईरान से जुड़े संघर्ष, वैश्विक ऊर्जा बाजारों और व्यापार मार्गों के लिए खतरा बन रहे हैं। भारत अभी भी आयातित कच्चे तेल पर बहुत ज्यादा निर्भर है। हर भू-राजनीतिक संकट ईंधन की कीमतों, महंगाई और राजकोषीय दबाव को बढ़ा देता है। साथ ही, तकनीकी बदलाव खुद विकास के स्वरूप को बदल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन बिना पर्याप्त रोजगार पैदा किए ही धन-संपत्ति बना सकते हैं। अगर लाखों युवाओं को उत्पादक रोजगार नहीं मिलते, तो भारत का जनसांख्यिकीय लाभ कमजोर पड़ सकता है।

इसका मतलब यह नहीं है कि 'विकसित भारत' का सपना असंभव है। भारत के पास जबरदस्त ताकत है। युवा आबादी, उद्यमशीलता की ऊर्जा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रणनीतिक महत्व। आने वाले दशकों में यह देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर सकता है। लेकिन एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, एक विकसित राष्ट्र बनने जैसा नहीं है। 2047 के विजन की सफलता, आखिरकार राजनीतिक नारों पर कम और इस बात पर ज्यादा निर्भर करेगी कि क्या भारत अपने नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर पाता है। विकास का मतलब है, भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्पादक रोजगार, साफ-सुथरे शहर, मजबूत संस्थाएँ और सामाजिक गतिशीलता।

# एचडीएफसी बैंक पर एमएसआरडीसी को दिए 45 करोड़ की पेमेंट में गड़बड़ी का आरोप, जांच शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, एचडीएफसी बैंक पर आरोप लगने के बाद उसकी जांच शुरू हो गई है। आरोप है कि महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमएसआरडीसी) को दिए गए लगभग 45 करोड़ रुपये के पेमेंट को सीधे ब्याज भुगतान के तौर पर दर्ज करने के बजाय, बैंक के मार्केटिंग खर्च के तौर पर प्रोसेस किया गया। बताया जा रहा है कि यह मामला तब सामने आया जब बैंक के मार्केटिंग विभाग की वित्त वर्ष 24 और 25 के लिए की गई आंतरिक समीक्षा में इन लेन-देन पर सवाल उठाए गए और विभाग के प्रदर्शन को असंतोषजनक बताया गया। ऑडिट में मिली जानकारियों के आधार पर, बैंक की ऑडिट समिति ने कथित तौर पर एक औपचारिक सतर्कता जांच शुरू कर दी है।




## बैंक की ऑडिट पेश की

रिपोर्ट के अनुसार, जांच के नतीजों को बाद में अप्रैल में बैंक की ऑडिट समिति और नामांकन और पारिश्रमिक समिति के सामने पेश किया गया। जांच में कथित तौर पर यह निष्कर्ष निकला कि यह व्यवस्था मंजूर शासन मानदंडों के दायरे से बाहर थी और इससे बैंक को परिचालन, नियामक और प्रतिष्ठा से जुड़े जोखिमों का सामना करना पड़ सकता था। यह विवाद एचडीएफसी बैंक के पूर्व चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती के इस्तीफे के कुछ ही समय बाद सामने आया है; बताया जा रहा है कि उन्होंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी कार्यप्रणालियों को लेकर चिंता जताते हुए इस्तीफा दिया था जो अपेक्षित शासन मानकों के अनुरूप नहीं थीं।

## कई बड़े अधिकारी भी जुड़े हुए

रिपोर्ट में आगे आरोप लगाया गया है कि एचडीएफसी बैंक के एमडी और सीईओ शशिधर जगदीशन के साथ-साथ कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस व्यवस्था से जुड़ी चर्चाओं में शामिल थे और उन्होंने एमएसआरडीसी की जमा राशि पर ज्यादा रिटर्न देने की योजना को मौखिक मंजूरी दी थी। जांच से जुड़े अधिकारियों ने कथित तौर पर जांचकर्ताओं को बताया कि जगदीशन इस मामले से जुड़ी बैठकों में शामिल हुए थे।

## अलग से ब्याज देने के मकसद से की पेमेंट

रिपोर्ट के मुताबिक, ये पेमेंट कथित तौर पर एमएसआरडीसी को उसकी जमा राशि पर अतिरिक्त रिटर्न या अलग से ब्याज देने के मकसद से किए गए थे। हालांकि, जांचकर्ताओं को शक है कि यह रकम बाहरी वेंडरों के जरिए भेजी गई और इसे सीधे ब्याज आय के तौर पर जमा करने के बजाय, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान से जुड़े खर्च के तौर पर दिखाया गया।

## मार्केटिंग टीम बनी बिचौलिया

मुख्य मार्केटिंग अधिकारी रवि संथानम, जिनकी गवाही का ज़िक्र रिपोर्ट में किया है, ने कथित तौर पर कहा कि मार्केटिंग टीम ने एक बिचौलिए के तौर पर काम किया ताकि अलग से दिए गए ब्याज की भरपाई को मार्केटिंग खर्च के तौर पर छिपाया जा सके। उन्होंने कथित तौर पर यह भी कहा कि खर्च का कुछ हिस्सा वाकई में प्रचार से जुड़ी गतिविधियों पर खर्च किया गया था ताकि इन लेन-देन को सही ठहराया जा सके; उन्होंने इस मामले को एक अलग-थलग घटना बताया। सतर्कता जांच में सीएफओ श्रीनिवासन वैद्यनाथन और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का भी ज़िक्र किया गया है, और यह बताया गया है कि इस व्यवस्था के लिए जरूरी दस्तावेज, आंतरिक मंजूरी और नियमों के पालन पर निगरानी की कमी थी।

# इलेक्ट्रानिक मार्केट में दुकानदारों ने सड़क को बनाया मैखाना, सरेआम चलते हैं जाम

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। लुधियाना के घंटा घर नजदीक इलेक्ट्रानिक मार्केट में कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क को ही मैखाना बना दिया गया है। जिसके चलते उनकी और से सरेआम सड़क पर खड़े होकर शराब पी जाती है। लेकिन पुलिस उन्हें रोकने में पूरी तरह से विफिल साबित हो रही है। यह मैखाना कहीं और नहीं बल्कि नगर निगम जोन-ए के एकदम बाहर चलता है। हालांकि इस मामले संबंधी थाना कोतवाली की पुलिस को भी शिकायत की गई है। लेकिन अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया। हालांकि इस मैखाने की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। जिसमें सरेआम दुकानदार अपने वर्करों के साथ सड़क पर शराब पी रहे है और खा भी रे हैं। यानि कि सड़क पर पूरा शराब का अड्डा खुलेआम चल रहा है।




सड़क पर चिकन के साथ छलकते जाम

## रात होते ही शुरू हो जाता है ओपन बार

चर्चा है कि जैसे जैसे रात होने लगती है इलेक्ट्रानिक मार्केट के कुछ दुकानदारों का ओपन बार शुरू हो जाता है। वहीं कई वर्कर भी इस बार का हिस्सा बनते हैं। ऐसे हालात में सड़क पर राहगीरों का निकलना तक मुश्किल हो जाता है। हालांकि चर्चा है कि ऐसे ही कुछ दुकानदार दिन के समय नगर निगम द्वारा अगर कोई कार्र वाई की जाती है, तो दावे किए जाते हैं, कि वह हर कार्य लीगल करते हैं। लेकिन रात को सरेआम धज्जियां उड़ाई जाती है।

## क्या पुलिस करेगी मामला दर्ज

इस ओपन मैखाने की तस्वीरें सामने आई है। जिसमें शराब पीते, हाथ में होतल पकड़े सरेआम लोग दिख रहे हैं। अब देखना होगा कि क्या पुलिस द्वारा इन पर मामला दर्ज किया जाएगा या नहीं। चर्चा है कि यह तस्वीरें पुलिस को भी भेजी जा चुकी है।

सड़क पर खड़े होकर शराब पीने गैरकानूनी है। लेकिन मार्केट के कुछ दुकानदारों द्वारा कानून की प्रवाह किए बिना सरेआम नियम तोड़े जा रहे हैं। चर्चा है कि इस मामले संबंधी पुलिस को जब कॉल की गई, तो मौके पर मुलाजिम नहीं पहुंचे। वहीं पुलिस ने इस बात से साफ इंकार किया है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 शुक्रवार, 29 मई 2026



पेज 06 संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी और...




# अब ऑनलाइन फामेर्सी की तरह ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्टो की लगी सेल

## हजार, 15 सौ रुपए वाला टेस्ट बेहद कम दामों में उपलब्ध

**अशोक सहगल**

**लुधियाना/यूटर्न/28 मई। बाजार में ऑनलाइन फामेर्सी की तरह अब ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट भी बुक होने लगे हैं मजेदार बात है कि जो टेस्ट लैब में हजार रुपए का है वह 100 से भी कम में उपलब्ध है। कुछ समय पहले लोगों को डायग्नोस्टिक टेस्टों के महंगे पैकेज कुछ 100 में उपलब्ध कराने का दावा करते हुए सोशल मीडिया पर टेस्ट करने वाली लैब लोगों को महंगे तक टेस्ट कम दामों में उपलब्ध कराने के लिए प्रलोभन देने लगे धीरे-धीरे लोग भी उनकी और आकर्षित होने लगे क्योंकि लैब में जो टेस्ट हजारों में होते है वह ऑनलाइन कुछ 100 में उपलब्ध कराए जाने लगे लोगों का बढ़ता आकर्षण देखते हुए धीरे-धीरे ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए लेबोरेटरी की संख्या भी बढ़ने लगी और इनका विस्तार पूरे प्रदेश के साथ दूसरे प्रदेशों तक फैल गया।**



### लैब में बढी प्रतिस्पर्धा

ऑनलाइन आधा दर्जन से अधिक लैब के आने से इनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ने लगी और अलग-अलग पैकेज से यह लोगों को अपनी और आकर्षित करने लगे जो मान लो किसी ने विटामिन डी का टेस्ट करना है तो बाजार में स्थित लैब में यह 1000 से 1500 रुपए का है इसी तरह विटामिन बी 12 का टेस्ट भी 1000 का बताया जाता है परंतु ऑनलाइन बुकिंग के समय आप 350 रुपए में दोनों टेस्टों के साथ लिवर, किडनी, थायराइड और कोलेस्ट्रॉल का टेस्ट भी कर सकते हैं।

### क्या लैब वाले लेते हैं अधिक पैसे ?

ऑनलाइन लैब के प्रतिनिधि ने बताया कि आमतौर पर लैब वाले टेस्ट के अधिक पैसे लेते हैं जबकि वहीं टेस्ट कम दामों में भी किया जा सकते हैं उन्होंने बताया कि कई बड़े डायग्नोस्टिक सेंटर जो सरकार से मान्यता प्राप्त है ऑनलाइन लोगों को कम दामों में यह सुविधा दे रहे हैं। एक अन्य प्रतिनिधि का कहना था कि ऑनलाइन लैब द्वारा हजारों टेस्ट 1 दिन में किए जाते हैं इसलिए उनकी लागत कम आती है। वहीं दूसरी और एक लैब के संचालक ने बताया कि लैब में इस्तेमाल होने वाले केमिकल की गुणवत्ता पर टेस्ट की एक्यूरेसी निर्भर करती है।

### स्वास्थ्य विभाग कराये जनहित में जांच

डॉ इंद्रजीत सिंह ने कहा कि लोगों को कम दामों में अधिक सुविधा का लाभ देने का प्रलोभन होने ऑनलाइन लैब से टेस्ट करने की ओर ले जाता है अब यह टेस्ट कितने सही हैं या कितने गलत इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को जनहित में ऐसी ऑनलाइन लैब की व्यापक जांच करानी चाहिए उन्होंने कहां की अगर कम दामों में ऐसे टेस्ट किया जा सकते हैं तो सरकार को चाहिए कि वह डायग्नोस्टिक टेस्टों के दाम निर्धारित करें ताकि हर लैब एक ही दाम पर लोगों को यह हेल्थ पैकेज की सुविधा मिल सके और इसके लिए लोग कहीं से भी अपनी जांच करा सके।

### ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्टों की रिपोर्ट पर भरोसा करना मुश्किल

होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील मित्तु ने बताया कि उन्होंने अपने कुछ मरीजों का टेस्ट ऑनलाइन करने के लिए कह दिया परंतु जब रिपोर्ट आई तो उन्होंने देखा कि पति पत्नी दोनों के कुछ पैरामीटर एक जैसे निकले जिस पर उन्होंने उन्होंने फौरन ऑनलाइन लैब वालों से संपर्क करके से ठीक करने को कहा और दोबारा टेस्ट करने की बात कही उन्होंने कहा कि जब दोबारा रिपोर्ट आई तो दोनों के पैरामीटर भिन्न थे अब ऐसे में क्या कहा जा सकता है कि ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट करने से रिपोर्ट से ही आएगी या गलत क्योंकि इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता इसी तरह कुछ और मरीज ने भी ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट करने वाली लैब के बारे में उन्हें बताया कि जब उन्होंने अपना लिपिड प्रोफाइल कराया तो नतीजे बड़े हैरान करने वाले निकले परंतु जब उन्होंने एक बड़े अस्पताल से दोबारा अपने टेस्ट कराये तो रिपोर्ट सामान्य आई। उन्होंने बताया कि ऐसा भी देखने में आए कि लोग पहले ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट करने के लिए बुकिंग कर लेते हैं और टेस्ट की रिपोर्ट देखकर फिर दोबारा किसी स्थानीय लैब से अपने टेस्ट करते हैं दोनों नतीजो में फर्क नजर आता है कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इतने कम पैसों में ढेर सारे डायग्नोस्टिक टेस्ट नहीं किया जा सकते ऐसे में लैब के पास कोई चारा नहीं रहता कि वह सिंक टेस्ट करें यानी कि आपका लिया गया ब्लड सैंपल सिंक में फेंक दें और अंदाज से रिपोर्ट बनाकर दे दे और बाद में दूसरी लैब के नतीजे भिन्न आने पर जब इनसे संपर्क किया जाता है तो यह कह देते हैं कि थोड़ी बहुत वेरिएशन तो आ ही आ जाती है ऐसे में इन पर भरोसा कैसे किया जाए।

# अलमारी का लॉक बना बहाना, बुजुर्ग की जिंदगीभर की जमा पूंजी पर हाथ साफ





जीरकपुर/यूटर्न/28 मई। शहर में सक्रिय ठग और चोर अब सिर्फ सुनसान घरों को नहीं, बल्कि बुजुर्गों के भरोसे को निशाना बना रहे हैं। बलटाना की गिल कॉलोनी में सामने आई वारदात ने लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यहां 82 वर्षीय रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी के घर तीन दिन तक 'चाबी बनाने वाले' बनकर आने वाले दो युवकों ने ऐसा जाल बिछाया कि परिवार को भनक तक नहीं लगी और लाखों रुपये के करीब सात तोले सोने के गहने गायब कर दिए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी वारदात के बाद अलमारी के लॉक में टूटी चाबी फंसा गए, ताकि चोरी का पता तुरंत न चल सके। परिवार को अगले दिन तब झटका लगा जब दूसरी चाबी से लॉक खुलवाया गया और अंदर रखे गहने गायब मिले। पीड़ित चंदर भान शर्मा ने बताया कि वह पिछले 19 वर्षों से गिल कॉलोनी में रह रहे हैं। उनका एक बेटा अमेरिका में रहता है जबकि दूसरा मोहाली में नौकरी करता है। कुछ दिन पहले घर की अलमारी का लॉक खराब हो गया था। इसी दौरान गली में घूम रहे दो युवक खुद को चाबी बनाने वाला बताकर उनके संपर्क में आए। परिवार के मुताबिक पहले दिन दोनों युवक घर पहुंचे और लॉक ठीक करने का नाटक करते हुए परिवार के लोगों से घुलमिल गए। बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पता लगा लिया कि अलमारी में सोने के गहने रखे हैं। दूसरे दिन फिर घर पहुंचकर उन्होंने अलमारी और कमरे की स्थिति को ध्यान से देखा।

# आईसक्रीम लेने जा रहे बुजुर्ग को वीआईपी मूवमेंट के नाम पर रोका, हुआ बवाल, डीसी ने जांच के दिए आदेश

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। लुधियाना के दुगरी मार्केट में बुधवार देर रात वीआईपी मूवमेंट के दौरान पुलिस द्वारा एक बुजुर्ग व्यक्ति को रोके जाने पर विवाद खड़ा हो गया। घटना के बाद मौके का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक अधिकारी डीसी हिमांशु जैन के आगमन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा कारणों से इलाके में बैरिकेडिंग कर रखी थी और आम लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाई गई थी। इसी दौरान सोशल सेवा संगठन से जुड़े दीपक गर्ग अपनी पोती के साथ वहां पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। उनके अनुसार पुलिस ने उन्हें कहा कि डीसी का मूवमेंट है। जब वे निकल जाएंगे, तभी किसी को भी आगे जाने की अनुमति दी



जाएगी। दीपक गर्ग का आरोप है कि उन्होंने पुलिस को अपनी शारीरिक समस्या के बारे में बताया, बावजूद इसके उन्हें आगे नहीं जाने दिया गया। इस पर उन्होंने मौके पर ही विरोध जताया और सवाल उठाया कि आम जनता को इस तरह क्यों रोका जा रहा है। बाद में उन्होंने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में दीपक गर्ग पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते नजर आते हैं और कहते हैं कि वीआईपी मूवमेंट के कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### डीसी ने दिए जांच के आदेश

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने कहा कि वे उस समय मौके पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को इस तरह रोकना उचित नहीं है। डीसी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और संबंधित पुलिसकर्मियों को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। बाद में डीसी ने दीपक गर्ग को अपने कार्यालय बुलाकर बातचीत की, जिसके बाद मामला शांत हो गया। दीपक गर्ग ने बताया कि उनकी शिकायत का समाधान हो गया है और उन्होंने वायरल वीडियो भी हटा दिया है।

Uturn Time 29 May 2026_Layout 2 28-05-2026 23:58 Page 4



# हरियाणा में ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बड़ी सौगात: पानीपत से 80 इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत, विद्यार्थियों को मुफ्त/रियायती यात्रा का लाभ

चंडीगढ़, /यूटर्न/28 मई। हरियाणा में स्वच्छ और आधुनिक परिवहन को बढ़ावा देते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो का उद्घाटन किया और 80 नई इलेक्ट्रिक सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत से हरियाणा में ग्रीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नए युग की शुरूआत हो रही है। यह कदम राज्य को स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है।



### 80 इलेक्ट्रिक बसें अलग-अलग जिलों को मिलीं

मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल 80 इलेक्ट्रिक बसों को अलग-अलग जिलों में भेजा गया है—

- 40 बसें पानीपत
- 15 बसें यमुनानगर
- 10-10 बसें कुरुक्षेत्र और सोनीपत
- 5 बसें पंचकूला
- आधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो

पानीपत में करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से नया इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश के 8 और जिलों में भी ऐसे डिपो बनाए जा रहे हैं, जहां बसों की चार्जिंग और संचालन की आधुनिक सुविधा होगी।

### विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब इलेक्ट्रिक बसों में विद्यार्थियों के लिए बस-पास सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे छात्रों को सस्ती और आसान यात्रा मिलेगी।

### स्मार्ट ट्रांसपोर्ट की दिशा में कदम

सरकार जल्द ही बसों को मोबाइल ऐप से जोड़ने जा रही है, जिससे यात्री बस की लोकेशन और आने का समय आसानी से देख सकेंगे। इसके साथ ही एक साल में 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड भी बनाए जाएंगे।

### पर्यावरण और रोजगार दोनों को फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी। साथ ही ई-वाहन क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

### बड़ी योजनाएं भी तैयार

गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए 650 नई एसी बसें शुरू की जाएंगी। इसके अलावा चंडीगढ़, दिल्ली एयरपोर्ट और कई धार्मिक स्थानों के लिए 50 नई इलेक्ट्रिक एक्सप्रेस बसें भी चलेंगी।

### लोगों के लिए सुविधाएं

हरियाणा रोडवेज पहले से ही 39 श्रेणियों के लोगों को मुफ्त या रियायती यात्रा दे रही है। साथ ही 'हैप्पी योजना' के तहत गरीब परिवारों को साल में 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जा रहा है।

# बागवानी क्रांति को नई रफ्तार: 2030 तक उत्पादन तीन गुना करने का लक्ष्य

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। हरियाणा में बागवानी क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बड़े बदलावों और नई योजनाओं की घोषणा की है। करनाल स्थित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य वर्ष 2030 तक बागवानी उत्पादन को तीन गुना करना और क्षेत्र को दोगुना करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक, शोध और नवाचार पर जोर देना जरूरी है। इसी दिशा में अब विश्वविद्यालय में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, कीट नियंत्रण और पौध रोगों जैसे नए विषयों पर मास्टर डिग्री और पीएचडी कोर्स शुरू किए जाएंगे।




उन्होंने 14 हॉर्टिकल्चर साइंस सेंटर भी किसानों को समर्पित किए, जो उन्हें उन्नत तकनीक और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध कराएंगे। सरकार ने 1000 एकड़ क्षेत्र को स्मार्ट खेती जैसे हाइड्रोपोनिक्स, एरोपोनिक्स, ग्रीन हाउस और वर्टिकल फार्मिंग से जोड़ने की योजना बनाई है। साथ ही कोल्ड चेन और ग्रामीण हाट मंडियों को भी मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई तकनीक और वैज्ञानिक खेती से हरियाणा देश में बागवानी का अग्रणी केंद्र बनेगा और किसानों की आय में बड़ा सुधार होगा।

# औद्योगिक सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन पर पुलिस के साथ विशेष सत्र आयोजित

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। ढंडारी इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन (DIWA) की वार्षिक आम बैठक के दौरान औद्योगिक सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर स. जसकरणजीत सिंह तेजा (उप पुलिस आयुक्त, लुधियाना ग्रामीण) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि स. गुरमुख सिंह देओल (एसएचओ दुगरी) और स. गुरविंदर सिंह (एसीपी ट्रैफिक, लुधियाना) भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में स. जसकरणजीत सिंह तेजा को एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने, साइबर अपराधों से बचाव और ट्रैफिक नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने उद्योगपतियों को सतर्क रहने और आधुनिक सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी।

फिको के प्रधान श्री गुरमीत सिंह कुलार ने 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' के तहत औद्योगिक क्षेत्रों और फोकल पॉइंट्स को CCTV कैमरों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

इस अवसर पर DIWA के चेयरमैन स. तेजविंदर सिंह, प्रधान स. सतनाम सिंह मक्कर सहित कई उद्योगपति और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस सत्र को उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया।

# दिल्ली-कटरा एनई-5 एक्सप्रेसवे: हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर को नई रफ्तार




चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। केंद्र सरकार ने हाई-स्पीड दिल्ली-कटरा कॉरिडोर (एनई-5 एक्सप्रेसवे) को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के पूरा होने से हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच सड़क संपर्क पहले से कहीं अधिक मजबूत होगा। साथ ही हरियाणा के कई शहरों में यात्रा आसान और तेज हो जाएगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत अधिसूचना जारी कर इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में शामिल कर लिया है। अब इसके लिए भूमि अधिग्रहण, रूट निर्धारण और अन्य विकास कार्यों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली के रानी खेड़ा गांव के पास एनएच-344एम से शुरू होगा और जसौर खेरी गांव के पास कुंडली-मानेसर-पलवल (KMP) एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इसके बाद यह हरियाणा और पंजाब के कई प्रमुख शहरों से गुजरते हुए जम्मू-कश्मीर के कटरा तक पहुंचेगा। हरियाणा में प्रस्तावित मार्ग सोनीपत जिले के खरखौदा, गोहाना, बुटाना, कलायत और बारटा से होकर निकलेगा। वहीं पंजाब में यह गुलजारपुर, पातड़ां, भवानीगढ़, धूरी, मलेरकोटला, अहमदगढ़, मुल्लांपुर दाखा, नूरमहल, करतारपुर और गुरदासपुर बाईपास जैसे क्षेत्रों को जोड़ेगा। अंत में यह कटरा के पास एनएच-144 से कनेक्ट होगा। केंद्र सरकार के अनुसार, इस एक्सप्रेसवे के बनने से दिल्ली से कटरा तक की यात्रा अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगी। माल ढुलाई, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। खास तौर पर माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। यह परियोजना उत्तर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक कॉरिडोर साबित हो सकती है। इसके आसपास लॉजिस्टिक्स पार्क, होटल, वे-स्टेशन और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के विकसित होने की संभावना है। निर्माण के दौरान बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। अनुमान है कि दिल्ली-कटरा एनई-5 एक्सप्रेसवे बनने के बाद हरियाणा से जम्मू-कटरा की यात्रा में 4 से 6 घंटे तक की कमी आ सकती है। वर्तमान में हरियाणा के अधिकांश हिस्सों से कटरा पहुंचने में सड़क मार्ग से लगभग 10 से 14 घंटे लगते हैं।

# PGI की चेतावनी: गर्भावस्था में गुटखा-खैनी बन सकती है जानलेवा

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। गुटखा, खैनी और जर्दा जैसे धुआं रहित तंबाकू को लोग अक्सर सिगरेट से कम नुकसानदायक मानते हैं, लेकिन PGI चंडीगढ़ के डॉक्टरों ने इसे बेहद खतरनाक बताया है। PGI के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अनुसार गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का सेवन मां और गर्भ में पल रहे बच्चे दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इससे बच्चे का वजन कम होना, समय से पहले जन्म और मृत शिशु के जन्म का जोखिम बढ़ जाता है। PGI के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ लोग स्मोकलेस तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की भी है। डॉक्टरों का कहना है कि गुटखा, खैनी, जर्दा, पान मसाला और नसवार जैसे उत्पाद शरीर में निकोटीन और जहरीले रसायन पहुंचाते हैं, जिससे कैंसर, दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। PGI स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रो. सोनू गोयल ने कहा कि लोग गुटखा और खैनी को सुरक्षित या प्राकृतिक मानते हैं, जबकि यह गलत धारणा है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 29 मई 2026



पेज 12 भाजपा का जट्टसिख वोटरों पर फोकस, केवल ढिल्लों...

# डॉ. अर्चना गुप्ता हरियाणा बीजेपी की नई अध्यक्ष नियुक्त

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। बीजेपी ने गुरुवार को अपनी हरियाणा महासचिव डॉ. अर्चना गुप्ता को अपनी नई प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रेडियोलॉजी में गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. अर्चना गुप्ता मोहन बडोली से पदभार ग्रहण करेंगी। डॉ. गुप्ता 43 साल बाद बीजेपी की प्रदेश अध्यक्ष बनने वाली दूसरी महिला हैं। इससे पहले, डॉ. कमला वर्मा 1980 से 1983 तक प्रदेश अध्यक्ष थीं। पानीपत के समालखा में जन्मी डॉ. अर्चना गुप्ता यहाँ एक डायगनोस्टिक सेंटर चलाती हैं। उनके दादा, अट्टा गाँव के लाला सूरज भान, एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने एमबीबीएस और रेडियोलॉजी में एमडी की डिग्री हासिल की है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद में शामिल होकर पानीपत से इंडियन हेल्थ लाइन की शुरूआत की। 2014 में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद, उन्होंने बीजेपी के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेना शुरू कर दिया।



## *2016 में बनी महिला मोर्चा प्रधान*

*2016 में डॉ. गुप्ता को बीजेपी के महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उनके प्रदर्शन को देखते हुए, बीजेपी ने 19 अगस्त, 2020 को उन्हें बीजेपी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। डॉ. गुप्ता दूसरी महिला जिला अध्यक्ष थीं। डॉ. गुप्ता पार्टी की पहली ऐसी जिला अध्यक्ष थीं, जिन्होंने ग्रामीणों को पार्टी से जोड़ने की पहल की और गाँव स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए ग्राम-स्तरीय समितियाँ भी बनाई। जिला अध्यक्ष के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान, पार्टी के आंतरिक मूल्यांकन में पानीपत हमेशा पहले स्थान पर रहा। उन्होंने पार्टी की बैठकों, प्रशिक्षण शिविरों और पार्टी के प्रदेश स्तरीय कार्यों में भाग लिया।*

## *पार्टी ने देखी मेहनत*

***पार्टी के प्रति उनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए, बीजेपी ने 3 जनवरी, 2024 को उन्हें प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। राजनीतिक भागीदारी के अलावा, डॉ. गुप्ता सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय रहती हैं। कोविड महामारी के दौरान एक डॉक्टर के तौर पर उन्होंने सैकड़ों लोगों की मदद भी की।***

# छोटे फूड वेंडरों के पास करोड़ों की जमीन कैसे ! , क्या इन प्रॉपर्टी डील्स में प्रभावशाली अधिकारियों की भूमिका है ?

लुधियाना 28 मई (ब्यूरो) शहर में एक क्थर अधिकारी द्वारा कुलचे वाले स्ट्रीट वेंडर के साथ मिलकर लुधियाना के कॉलेज रोड पर खरीदी करोड़ों रुपयों की प्रापर्टी का मुद्दा अभी ठंडा भी नहीं हुआ था की अब एक IPS अधिकारी द्वारा उसी कुलचे वाले के आसपास खरीदी करोड़ों रुपयों की प्रापर्टी का मुद्दा महानगर और पंजाब की ब्यूरोक्रेट्स लॉबी में आग की तरह फैल गया है।

चर्चा है की कुछ वर्ष पहले लुधियाना पोस्टिंग दौरान अन्य स्टेट से पंजाब शिफ्ट हुए क्थर अधिकारी द्वारा गुप्त तरीके से करोड़ों रुपयों की जमीन खरीदी गई है जिसकी सिक्योरिटी के लिए उक्त IPS अधिकारी द्वारा किसी पंजाबी को विश्वास में ना लेते हुए अपनी ही स्टेट के ही कुछ लोगों को फूड आउटलेट का काम शुरू करवाया गया। चर्चा है की उक्त जमीन के लिए आईपीएस अधिकारी ने इतनी बड़ी रकम कैसे जुटाई ये भी चर्चा है की तथाकथित अधिकारी ने दिखावे के लिए बैंक से भी कुछ लोन लिया।

चर्चा है की देखने को डोसा कुलचा बेचने वाले छोटे वेंडर इतनी महंगी और बेशकीमती जमीन कैसे खरीद रहे है। कोई धन्ना सेठ अन्य राज्य से आए वडा डोसा बेचने वाले वेंडर को केवल किराए पर इतनी महंगी करोड़ों रुपये की जमीन कैसे दे सकता है। शहर में चर्चा तो इस बात की भी है की जिस प्रकार आईएएस अधिकारी से नजदीकियों के चलते बिना मंजूरी कुलचे वाले वेंडर की दो तीन मंजिला इमारत तैयार हो गई वैसे ही उक्त क्थर के नाम बोलती जमीन पर भी आगामी दिनों में आलिशान होटल देखने को मिल सकता है।




## ट्रैफिक पुलिस डोसा वाले के आगे से नहीं उठा सकती गाड़ियां

चचाओं की माने तो शहर भर में ट्रैफिक पुलिस की टोइंग वैन द्वारा सफेद लाईन से गाड़ी जरा सी भी बाहर दिखाई दी झट से उठा लेते है खासकर इसी कालेज रोड के आसपास के इलाको में भी यही हाल है। मगर जब बात आती है कालेज रोड डोसा वाले की तो ट्रैफिक पुलिस की आंखें इस लिए बन्द हो जाती है क्योंकि अधिकारियो को मालूम है कि इस डोसा शॉप का असली मालिक बड़े IPS साहिब है।

## क्या केंद्रीय और राज्य एजेंसियां इन बड़ी मछलियों पर जाल बिछायेंगे

शहर वासियों में चर्चा है की जिस बात की चर्चा शहर भर के गलियारे में है वहां अक्सर बड़े बड़े मास्टरमांड को धड़ पकड़ने वाली केंद्रीय और राज्य की इंटैलीजैंस एजसियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाती। यहाँ आ कर उनकी इंटेलिजेंसी खान खो जाती है। कहीं अपने ही सहयोगियों के लिए कानून तो नहीं बदल जाते।

## राजनेताओं की चुप्पी पर भी उठ रहे सवाल

चर्चा है की उक्त दोनों आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की प्रॉपर्टी मामलों में राजनेताओं को भली भांति जानकारी थी लेकिन प्रशासन की तरह राजनेता भी चुपी साध कर बैठे है। ताकि राजनेता मौका आने पर इनके बदले अपने कारनामों की डील कर सकें।

# ईद का दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम भी अपने अंदर कुबार्नी का जज्बा रखें : डॉ० जमील बाली



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/28 मई। आज यहाँ ईदगाह में ईद-उल-अजहा बकरीद की नमाज भारी तादाद में मुसलमानों ने अदा की । इंतजामिया जामा मस्जिद ईदगाह कमेटी के प्रधान खुर्शीद अहमद ने कहा कि आज का दिन अल्लाह तआला के नबी हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की याद में मनाते हैं , जिन्होंने अपने खुदा की रजा के लिए अपना सब बेटा कुर्बान करने में देरी नहीं की । डॉ० जमील बाली ने कहा कि ईद का दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम भी अपने अंदर कुबार्नी का जज्बा रखें और अपने देश के लिए कुर्बान होने के लिए तैयार रहें । उन्होंने कहा कि ईद का दिन हर भारतीय के लिए खुशी का दिन है । भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां हर धर्म का त्योहार सभी लोग आपस में मिलजुल कर मनाते हैं । हम हमेशा से ही पंजाब में अमन और खुशहाली के लिए दुआ मांगते हैं । इस अवसर पर साबिर आलम, लाल हुसैन, असलम, वकील मोहम्मद (सूरमू), सलीम, रईस मोहम्मद,सादिक, रियाज अंसारी, इस्तंकार, मुरीद, खलील, प्रिंस, जुनैद मलिक, आमिर, इजाज आदि उपस्थित हुए!

# हरियाणा सरकार का बड़ा फैसलाः चेयरमैन-उपाध्यक्षों को मिलेंगी वीआईपी सुविधाएं




चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों, वैधानिक आयोगों और संवैधानिक निकायों को छोड़कर अन्य निकायों में गैर-सरकारी अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्तियों के लिए नई एकीकृत सेवा शर्तें लागू कर दी हैं। नई व्यवस्था के तहत विधायक यदि किसी निकाय के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष बनाए जाते हैं तो उन्हें मंत्री स्तर की सुविधाएं मिलेंगी, जबकि अन्य पदाधिकारियों को अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के समान सुविधाएं दी जाएंगी।

मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार अध्यक्षों को अधिकतम 75 हजार रुपये, उपाध्यक्षों को 45 हजार रुपये और सदस्यों को 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। अध्यक्षों को 50 हजार रुपये तक मकान किराया भत्ता, सरकारी वाहन से हर महीने 5000 किलोमीटर यात्रा की सुविधा, टेलीफोन, मोबाइल, चिकित्सा और यात्रा भत्ता भी मिलेगा।

सरकार ने निजी सचिव, क्लर्क, चपरासी और होम पियून जैसे स्टाफ की नियुक्ति का भी प्रावधान किया है। यह स्टाफ अनुबंध आधार पर नियुक्त होगा और संबंधित पदाधिकारी के कार्यकाल तक ही कार्य करेगा। नई नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित प्रावधानों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

## चंडीगढ़ में 24x7 कारोबार नीति को मिल रहा बढ़ावा, 179 व्यावसायिक इकाइयों ने कराया पंजीकरण

चंडीगढ़/यूटर्न/28 मई। चंडीगढ़ में 24x7 कारोबार नीति को कारोबारियों का अच्छा समर्थन मिलने लगा है। शहर में अब तक 179 व्यावसायिक इकाइयों ने दिन-रात संचालन के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें सबसे अधिक संख्या फूड आउटलेट्स, रेस्टोरेंट्स और कैफे की बताई जा रही है। प्रशासन का मानना है कि इस नीति से शहर की नाइट इकोनॉमी को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। जानकारी के अनुसार, प्रशासन द्वारा लागू की गई इस नीति के तहत होटल, रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर, मनोरंजन केंद्र और अन्य व्यावसायिक संस्थानों को 24 घंटे संचालन की अनुमति दी जा रही है। इसके लिए संबंधित इकाइयों को सुरक्षा, पार्किंग, साफ-सफाई और ट्रैफिक नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या Social Media Posts Divorce Case को प्रभावित कर सकते हैं?**

आज के समय में social media केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि कई कानूनी मामलों में महत्वपूर्ण evidence भी बन चुका है। Divorce और family disputes में भी Facebook, Instagram, WhatsApp और other online platforms की posts अदालत में प्रस्तुत की जाती हैं। यदि किसी व्यक्ति की posts, photographs, chats, reels, comments या online activity वैवाहिक विवाद से संबंधित हो, तो उनका प्रभाव केस पर पड़ सकता है।

उदाहरण के तौर पर, extravagant lifestyle दिखाना और दूसरी ओर कम income बताना, abusive posts करना, private allegations लगाना, या किसी अन्य relationship को public करना—ये सभी बातें अदालत के सामने उठ सकती हैं।

कई मामलों में social media activity का उपयोग cruelty, conduct, financial status या relationship issues को साबित करने के लिए किया जाता है। हालांकि, हर post अपने आप निर्णायक evidence नहीं बनती। अदालत यह भी देखती है कि content वास्तविक है या नहीं, उसका context क्या है, और क्या उसमें किसी प्रकार की editing या manipulation हुई है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि deleted posts, screenshots और digital records कई बार बाद में भी recover या produce किए जा सकते हैं। कई लोग गुस्से या भावनाओं में social media पर ऐसी बातें लिख देते हैं, जो बाद में उनके ही खिलाफ इस्तेमाल हो जाती हैं।

निष्कर्ष: Social Media activity आज family disputes में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। Online behavior भी कई बार अदालत में legal consequences पैदा कर सकता है, इसलिए सावधानी और संयम आवश्यक है।

# संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी और जत्था: निमाणा ने मनिंदर सिंह आहूजा को खास तौर पर सम्मानित किया

### गुरुः गुरु नानक सिमरन केंद्र में बड़े पैमाने पर गुरमत समागम होगा - श्री आहूजा



सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। फिरोजपुर रोड पर ग्रीन सिटी के पास गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन केंद्र में संत बाबा सुखबीर सिंह जी की लीडरशिप में गुरुद्वारा साहिब की ऊंचाई के लिए एक खास गुरमत समागम मीटिंग हुई, जिसमें जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा, बाबा बलविंदर सिंह, रिटायर्ड इंस्पेक्टर बहादुर सिंह, रणजीत सिंह सिडाना, अनिल मिड्डा, इंदरजीत सिंह, गुरदीप सिंह ग्रेवाल, कुलजीत सिंह, दविंदर सिंह, हरिंदर सिंह डैनी, सतनाम सिंह मौजूद थे। इस मौके पर, मीटिंग के दौरान चोफरा परिवार के संरक्षक, सिख यूथ सर्विस सोसाइटी के प्रेसिडेंट, श्री मनिंदर सिंह आहूजा ने खास तौर पर आकर संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी से गुरमत विचार शेयर किए और गुरुद्वारा साहिब में होने वाले गुरमत इवेंट्स के भविष्य के लिए स्ट्रेटेजी तैयार की।

श्री मनिंदर सिंह आहूजा ने मौजूद लोगों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन केंद्र में बड़े लेवल पर गुरमत इवेंट्स किए जाएंगे। इस मौके पर संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी ने मनिंदर सिंह आहूजा का स्वागत किया और कहा कि वह हमारे बहुत प्यारे बच्चे हैं, यह सतगुरु जी की खास कृपा है कि सतगुरु हर जगह बड़े लेवल पर सेवाएं ले रहे हैं। इस समय, श्री मनिंदर सिंह आहूजा को संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा, जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा ने गुरु ग्रंथ और गुरु पंथ के लिए की जा रही उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए खास तौर पर सम्मानित किया। इस समय, मनिंदरपाल सिंह सोनू को भी सिरोपा देकर सम्मानित किया गया।

तस्वीर में, मनिंदर सिंह आहूजा को संत बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी, जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा सम्मानित कर रहे हैं।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

### क्या बहू और बेटी के प्रति समाज की सोच बदली है?

हमारे समाज ने समय के साथ बेटियों को पढ़ाने-लिखाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काफी प्रगति की है। आज बेटियाँ शिक्षा, व्यवसाय, विज्ञान, खेल और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। माता-पिता अपनी बेटियों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या ससुराल पक्ष की सोच भी बहुओं के प्रति उतनी ही बदली है? दुर्भाग्यवश, कई स्थानों पर आज भी बहू और बेटी के बीच भेदभाव देखने को मिलता है। जिस स्वतंत्रता, सम्मान और अधिकार की अपेक्षा लोग अपनी बेटी के लिए करते हैं, वही अधिकार वे अपनी बहू को देने में संकोच करते हैं। बेटी की गलतियों को सहजता से स्वीकार कर लिया जाता है, जबकि बहू से हर समय पूर्णता की अपेक्षा की जाती है। यह दोहरी सोच समाज की प्रगति में बाधक है। वास्तविक परिवर्तन तभी आएगा जब बहू को भी बेटी के समान सम्मान, प्रेम और अवसर दिए जाएंगे। परिवार तभी सुखी और मजबूत बन सकता है जब सभी सदस्यों के साथ समान व्यवहार किया जाए। इसलिए हमें अपनी सोच बदलनी होगी और बहू-बेटी के बीच का अंतर समाप्त करना होगा।

# पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है/ - पंडित किशोरी लाल शर्मा



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/28 मई। अमेठी से सांसद और सीनियर कांग्रेस नेता पंडित किशोरी लाल शर्मा आज अपने पैतृक गांव भिवानीपुर जाते समय पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पंकज किरपाल एडवोकेट के घर पर रुके, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सांसद पंडित किशोरी लाल शर्मा ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की जा रही रक्फ्रके लिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर अलर्ट और पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने कहा कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है। गैंगस्टरिज्म लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस पार्टी एकजुट है और हम आने वाले विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। इस मौके पर कल्याण सिंह गांधी, एडवोकेट पंकज कृपाल, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी SC डिपार्टमेंट की एक्टिंग प्रेसिडेंट यामिनी गोमर, जिला कांग्रेस कमेटी होशियारपुर SC डिपार्टमेंट के अध्यक्ष बलविंदर सिंह बिट्टू, यूथ कांग्रेस लीडर प्रणव कृपाल, रोहित पोसी, जगतार सिंह साधोवाल, दीपक राजू, प्रकाश सिंह नंबरदार, आदि मौजूद थे।

## 50 हजार का पोल 1.80 लाख में लगाने का आरोप, हाईमास्ट-स्ट्रीट लाइट घोटाले की होगी जांच

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। शहर में हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट पोल लगाने के नाम पर बड़े घोटाले की आशंका जताई जा रही है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि करीब 50 हजार रुपये कीमत वाले पोल को लगभग 1.80 लाख रुपये में लगाया गया। मामले ने तूल पकड़ लिया है, जिसके बाद अब इसकी जांच के लिए कमेटी गठित करने और थर्ड पार्टी ऑडिट करवाने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार, जीरकपुर की कंपनी जे पी ब्रदर्स द्वारा लगाए गए पोलों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिली थीं। आरोप है कि कई स्थानों पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# असेंसरी व्यापारी पति ने अपनी ही पत्नी की जमीन पर कर डाला अवैध कब्जा, पुलिस ने किया मामला दर्ज

## आरोपी पर पहले भी पत्नी से मारपीट और दहेज प्रताड़ना का है पर्चा दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। बसंत एवेन्यू इलाके में एक महिला ने अपने पति पर जमीन पर अवैध कब्जा करके ठगी करने और अमानत में खियानत करने के आरोप लगाए हैं। जिसके चलते महिला ने इस संबंधी पुलिस को शिकायत दी। थाना दरेसी की पुलिस ने बसंत एवेन्यू की सीविका धीर की शिकायत पर सिविल लाइंस राजिंद्र नगर के दीपक धीर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त आरोपी दीपक धीर उसका पति है। उसकी साल 2006 में आरोपी के साथ शादी हुई थी। दीपक धीर लेडीज कोटी व अन्य कपड़ों की असेंसरी का कारोबार करता है। उसका कारोबार सेखेवाल रोड पर है। उनके एक बेटा और बेटी है। बेटा पिता और बेटी मां के साथ रहती है।

### *पिता से 25 लाख लेकर खोला था काम*

*शिकायतकर्ता का आरोप है कि शादी के बाद दीपक कोई खास काम नहीं करता था। फिर उसने कारोबार शुरू करने के लिए उसके पिता से 25 लाख रुपए लिए। जिसे मुश्किल से थोड़े थोड़े करके वापिस लिए। उसने चारा राम प्रकाश के साथ मिलकर पार्टनरशिप में असेंसरी का व्यापार करना शुरू किया। लेकिन जब कारोबार अच्छा चलने लगा तो दीपक ने बहाने बनाकर साल 2021 में पार्टनरशिप तोड़ दी और अकेला व्यापार करने लग गया।*



### बिना तलाक लिए की दूसरी शादी

शिकायतकर्ता का आरोप है कि दीपक नशा करता था और उसका किसी महिला के साथ अफेयर था। जिसका विरोध करने पर वे मारपीट करता था। साल 2020 के बाद दीपक ने घर पर विवाद करना शुरू कर दिया। वह मेरे मायके वालों को भी बार बार लड़की ले जाने की बात कहता था। वह पौने तीन साल से अपने मायके घर बसंत एवेन्यू में रह रही है। उसने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली, जिसके सबूत भी उसके पास है। कोर्ट ने उसे खर्च देने को कहा। वह खर्च नहीं देता और जब कोर्ट वारंट जारी करने लगती है, तो उससे पहले थोड़ा खर्च देकर बच जाता है।

### पुलिस की आरोपी के साथ मिलीभगत

- शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वह अगस्त 2023 में अपनी महिला दोस्त के साथ रिषी नगर घूमने गई थी। वहां पर दीपक बेटे संग आया और उसके साथ कार में मारपीट की। थाना पीएयू पुलिस ने मामला दर्ज किया, लेकिन गिरफ्तारी नहीं की। जिसके बाद जनवरी 2024 में दहेज का पर्चा हुआ, तब भी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न करके आरोपी को जमानत दिलवाने में सहायता करवाई गई। अब भी ठगी का पता हुआ है, लेकिन पुलिस एक्शन नहीं लेगी। क्योंकि पुलिस की आरोपी संग मिलीभगत है।

### जबरन जमीन पर किया कब्जा

- शिकायतकर्ता शीविका का आरोप है कि सेखेवाल रोड पर तीन मंजिलां इमारत बनी है। जहां आरोपी अपना असेंसरी का व्यापार करता है। उक्त जमीन उसके चाचा राम प्रकाश, ताऊ जगन्नाथ और दीपक ने मिलकर खरीदी थी। जिसकी तीन रजिस्ट्रियां हुई। साल 2021 में शिकायतकर्ता ने अपने चाचा और ताऊ के हिस्से की जमीन अपने नाम खरीद ली। उक्त बिल्डिंग दो गलियां लगती है। जिसमें फ्रंट के 202 गज उसके नाम है और पीछे की 58 गज आरोपी दीपक नाम है। लेकिन आरोपी द्वारा उसके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा करके ठगी और अमानत में खियानत की जा रही है।

# पंजाब में पहले एक्सपीरियंस जोन 'प्लूटन सुजुकी' का उद्घाटन

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। जापान की सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की दोपहिया वाहन सहायक कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने वीरवार लुधियाना में अपने नए डीलरशिप, प्लूटन व्हील्स (प्लूटन सुजुकी) का उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ पंजाब में इसकी उपस्थिति और मजबूत हुई है। इस नए डीलरशिप के साथ, एसएमआईपीएल का देशव्यापी नेटवर्क बढ़कर 1,244 आउटलेट्स का हो गया है, जो पूरे भारत में निरंतर विस्तार और ग्राहकों के साथ गहरा जुड़ाव दशार्ता है। नए डीलरशिप का उद्घाटन केनिची उमेडा (प्रबंध निदेशक, सुजुकी मोटरसाइकिल



इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) ने किया। समारोह में एसएमआईपीएल और प्लूटन सुजुकी के अन्य अधिकारी और ग्राहक भी सम्मिलित हुए। गुरदेव नगर स्थित अंसल प्लाजा में प्लूटन सुजुकी को पंजाब में सुजुकी के पहले एक्सपीरियंस जोन के रूप में डिजाइन किया गया है और यह रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केनिची उमेडा ने कहा, लुधियाना में प्लूटन सुजुकी डीलरशिप हमें अपने ग्राहकों के और करीब लाती है, जिससे उन्हें हमारे स्कूटर, मोटरसाइकिल, बड़ी बाइक और बिक्री उपरांत सेवाओं की पूरी रेंज तक आसान पहुंच मिलती है। प्लूटन सुजुकी में सुजुकी के दोपहिया वाहनों की पूरी रेंज दिखाई गई है। इसमें एक्सेस, एवेनिस और हाल ही में लॉन्च किए गए बर्गमैन स्ट्रीट जैसे स्कूटर, सुजुकी का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर ई-एक्सेस, साथ ही गिक्सर और गिक्सर एसएफ, गिक्सर 250 और गिक्सर एसएफ 250 और वी-स्टॉर्म एसएक्स जैसी मोटरसाइकिलें और सुजुकी की बड़ी बाइकें - हायाबुसा, वी-स्टॉर्म 800 डीई और जीएसएक्स-8आर शामिल हैं। ग्राहक पूरी प्रोडक्ट रेंज का प्रत्यक्ष अनुभव भी कर सकते हैं, जिसमें हाल ही में लॉन्च किए गए एबीएस वेरिएंट सहित सभी मॉडलों की टेस्ट राइड उपलब्ध है।

## ताजपुर रोड पर नशेड़ियों के अड्डों पर चला पीला पंजा



लुधियाना/यूटर्न/28 मई। ताजपुर रोड और बुड्ढा दरिया के साथ बने नशेड़ियों के अड्डे खंडरों पर पुलिस ने वीरवार को पीला पंजा चला दिया। कार्रवाई के दौरान एसीपी राज कुमार और थाना डिवीजन नंबर 7 के एसएचओ गगनदीप मल्होत्रा मौके पर मौजूद रहे। यह कार्रवाई थाना डिवीजन नंबर 7 के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला जगदीश नगर और बुड्ढा दरिया किनारे की गई, जहां लंबे समय से असामाजिक तत्व इन खंडहरों का इस्तेमाल नशा करने और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के लिए कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इलाके के लोगों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि यह स्थान नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है, जिससे स्थानीय लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एक्शन लिया गया।

## सैला खुर्द निवासियों ने क्वांटम पेपर मिल द्वारा फैलाये जा रहे प्रदुषण के विरुद्ध खन्ना को सौंपी शिकायत

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/28 मई। विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं, ग्राम पंचायतों व सैला खुर्द के समूह निवासियों द्वारा क्वांटम पेपर मिल द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण सम्बन्धी खन्ना को शिकायत सौंपते हुए इसका स्थायी हल निकलने की मांग की है। शिकायत में लोगों ने बताया है कि क्वांटम पेपर मिल सैला द्वारा प्रदूषण कण्ट्रोल बोर्ड एवं सेहत विभाग के नियमों की जमकर धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं और मिल मालकों द्वारा अपने



निजी स्वार्थ के लिए लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि मिल से गैसों से भरी हुई बदबू वातावरण में छोड़ी जा रही है जिसके चलते दिनरात यहाँ के निवासियों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मिल द्वारा छोड़ी गयी इन गैसों से कैंसर, पीलिया, सांस और चमड़ी के रोग फैलने की संभावना सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा की उक्त पेपर मिल से जो जेह्रीला और केमिकल युक्त पानी छोड़ा जाता है यह पानी पीने के पानी में मिलने के कारण लोगों को दस्त उल्टियां और पेट दर्द आदि हो रहा है और इस गंदे पानी से अन्य भयानक बीमारियां भी होने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने खन्ना को बताया कि इस सम्बन्धी मिल के प्रबंधकों से कई बार बात की गयी परन्तु उन्होंने कोई हल नहीं किया।

खन्ना ने लोगों की व्यथा सुनते हुए कहा कि कानून में जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। किसी भी व्यवसाय के लिए अगर जनता की सुविधा और सुरक्षा के लिए बने कानूनी नियमों का ध्यान नहीं रखा जाता तो यह सरासर मानवाधिकारों का हनन है। खन्ना ने तुरंत इस मामले सम्बन्धी प्रदेश मानवाधिकार आयोग व जिलाधीश को पत्र लिखकर आवश्यक करवाई करने की मांग की है।

# विदेशी धरती बाली में गूंजा भक्ति का स्वर, पंचम दिवस पर भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर


















लुधियाना/यूटर्न/28 मई। बाली में श्री भागवत सेवा परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने विभिन्न दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा श्रवण किया।

देवी चित्रलेखा जी ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोपी प्रेम, भक्तों के प्रति भगवान की असीम करुणा तथा धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। भागवत कथा मनुष्य को अहंकार, क्रोध और मोह से दूर कर प्रभु भक्ति से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में भगवान का नाम स्मरण और सत्संग होता है, वहां सदैव सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वास रहता है। आधुनिक जीवनशैली पर विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि आज मनुष्य बाहरी सुखों की खोज में भटक रहा है, जबकि वास्तविक आनंद भगवान के नाम स्मरण और सेवा में ही निहित है। कथा के दौरान प्रस्तुत भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री भागवत सेवा परिवार के सदस्यों ने बताया कि विदेशी धरती बाली में आयोजित यह कथा भारतीय सनातन संस्कृति और वैष्णव परंपरा के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम बन रही है।





# रवनीत बिट्टू के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन, जीरकपुर में फूंका पुतला

## पुलिस अधिकारियों से बदसलूकी का आरोप, किसान संगठनों ने मांगी कार्रवाई





जीरकपुर/यूटर्न/28 मई। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री Ravneet Singh Bittu के खिलाफ गुरुवार को जीरकपुर में किसान और मजदूर संगठनों ने जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने नूर ढाबा से पटियाला चौक तक पैदल मार्च निकालते हुए बिट्टू का पुतला हाथों में लेकर नारेबाजी की और बाद में पटियाला चौक पर पुतला फूंक कर विरोध जताया।

प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन (लक्खोवाल), कुल हिंद किसान सभा, जम्हूरी किसान सभा और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) डेराबस्सी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री द्वारा पुलिस अधिकारियों, विशेष रूप से एसएचओ करनवीर सिद्धू और एक महिला एसपी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जो बेहद निंदनीय है।

किसान नेताओं ने कहा कि राजनीतिक लोगों को पुलिस प्रशासन के कार्यों में हस्तक्षेप बंद करना चाहिए। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों को इंसाफ दिलाया जाए तथा मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर भी किसान एवं मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने के आरोप लगाए।

किसान संगठनों ने बढ़ती महंगाई और डीजल-पेट्रोल की कीमतों पर भी चिंता जताई। नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती तेल कीमतों से किसानों, मजदूरों और आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

इस मौके पर बीकेयू लक्खोवाल के राज्य उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला, पंजाब एटक के राज्य उपाध्यक्ष विनोद चुघ, रणजीत सिंह राणा, जगतार सिंह झरमड़ी, गुरप्रीत सिंह जस्तान कलां, गुरविंदर सिंह और अवतार सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान और मजदूर मौजूद रहे।

# जीरकपुर की अलग-अलग मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद ऊल-अजहा की नमाज अदा की गई







जीरकपुर/यूटर्न/28 मई। मुस्लिम समुदाय का प्रमुख त्योहार ईद उल अजहा बकरा ईद की सुबह को विशेष नमाज अदा की गई नमाज के बाद खुतबा दिया क्या जिसमें समाज में एकता दया और त्याग का संदेश दिया गया इस बार त्यौहार को लेकर कुछ बड़े और अहम बदलाव किए गए जीरकपुर प्रभात मस्जिद के इमाम मौलाना शमशाद अहमद ने लोगों से अपील की है की कुर्बानी हमेशा कानून के दायरे में रहकर ही करें इस बार खुली जगह, सड़कों, गलियों और स्वरजनीक स्थान पर कुबानी करने से पूरी तरह परहेज करने को कहा गया है इसके साथ ही कुर्बानी के दौरान फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड ना करने को भी कहा है मौलाना ने बताया कि ईद उल अजहा पैगंबर इब्राहिम की अल्लाह के प्रति अटूट आस्था और समर्पण के याद में बनाई जाती है उन्होंने लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुए शांति और भाईचारा बना कर रखने को कहा नमाज के बाद सक्षम मुस्लिम परिवार कुबानी करता है क्योंकि ईद उल अजहा के तीन दिनों के भीतर कुबानी करना वाजिब माना गया है कुर्बानी के मांस को तीन बराबर हिस्सों में बांटा जाता है पहला हिस्सा स्वय के परिवार के लिए दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए तीसरा हिस्सा गरीबो और जरूरतमंदों में दिया जाता है।

# दिनदहाड़े फैक्ट्री में घुसे चोर, सिक्योरिटी स्टाफ ने फिल्मी अंदाज में दबोचा

डेराबस्सी/यूटर्न/28 मई। बरवाला रोड स्थित कूड़ावाला की विनसम यार्न फैक्ट्री में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात उस समय टल गई जब फैक्ट्री के सतर्क सिक्योरिटी स्टाफ ने दो चोरों को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी फैक्ट्री की मशीनों से कीमती तांबे की तारें काटकर फरार होने की फिराक में थे, लेकिन सिक्योरिटी कर्मचारियों की मुस्तैदी से उनकी योजना नाकाम हो गई।

जानकारी के अनुसार घटना दोपहर के समय की है। फैक्ट्री के सिक्योरिटी सुपरवाइजर दविंदर सिंह ने बताया कि वह खाना खाने के बाद बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर मौजूद था। इसी दौरान उसकी नजर फैक्ट्री परिसर में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों पर पड़ी। दोनों के हाथों में तांबे की तारों के टुकड़े थे और वे चुपचाप गेट की ओर बढ़ रहे थे।

शक होने पर दविंदर सिंह ने तुरंत नीचे मौजूद सिक्योरिटी गार्डों को सतर्क किया। इसके बाद सिक्योरिटी स्टाफ ने चारों तरफ से घेराबंदी कर दोनों युवकों को मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फैक्ट्री की दीवार फांदकर अंदर घुसे थे और मशीनों से तांबे की तारें काट रहे थे। आरोपियों के कब्जे से कटे हुए तारों से भरे दो बैग भी बरामद किए गए हैं।

सूचना मिलने पर एएसआई दिलबाग सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान जसविंदर सिंह निवासी फिरोजपुर, हाल निवासी सब्जी मंडी के पास डेराबस्सी और राहुल कुमार निवासी डेराबस्सी के रूप में हुई है।

# पंजाब में घर बैठे देखें निकाय चुनाव नतीजे, चुनाव आयोग जारी करेगा लिंक

पंजाब/यूटर्न/28 मई। पंजाब में निकाय चुनाव के नतीजे 29 मई आएंगे। पहली बार लोग घर बैठे इसके नतीजे देख पाएंगे। पंजाब के राज्य चुनाव आयुक्त राजकमल चौधरी ने कहा कि https://sec.punjab.gov.in/en/ वेबसाइट पर रिजल्ट मिलेगा। इसके लिए यहां काउंटिंग का लिंक दिया जाएगा। इससे पहले विधानसभा और लोकसभा के नतीजे ही दिखाए जाते थे। आयुक्त राजकमल चौधरी के मुताबिक काउंटिंग सेंटरों पर भीड़ न हो और लोगों को सटीक नतीजे मिलें, इसलिए यह सुविधा दी जा रही है। काउंटिंग के लिए कुल 115 काउंटिंग सेंटर बनाए गए हैं। 26 मई को 8 नगर निगम, 75 नगर कौंसिल और 21 नगर पंचायतों समेत कुल 104 निकायों के लिए वोटिंग हुई थी। आयुक्त चौधरी ने बताया कि स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच की जा रही है। वीरवार को सभी 115 सेंटरों पर मतगणना स्टाफ को अंतिम रिहर्सल भी करवा दी गई है।




### ऐसे दिखेगा रिजल्ट

राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि काउंटिंग सुबह 8 बजे शुरू होगी। जैसे-जैसे वार्डों के राउंड मुकम्मल होते जाएंगे, वैसे-वैसे लिंक पर लोगों को परिणाम दिखने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए लोगों को वेबसाइट पर जाकर लिंक खोलना होगा और अपना जिला और वार्ड की जानकारी भरकर परिणाम हासिल किया जा सकेगा। अगर किसी वार्ड की मतगणना अधूरी होगी तो उसका रिजल्ट नहीं दिखेगा।

# डेराबस्सी में भाजपा उम्मीदवारों को काउंटिंग के लिए दिए गए जरूरी निर्देश



डेराबस्सी/यूटर्न/28 मई। नगर कौंसिल डेराबस्सी चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों और काउंटिंग एजेंटों के साथ विशेष बैठक आयोजित कर मतगणना प्रक्रिया को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। भाजपा मंडल डेराबस्सी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में 17 वार्डों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार और उनके सहयोगियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान पम्मा ने की। इस दौरान उम्मीदवारों और काउंटिंग एजेंटों को मतगणना केंद्र में अपनाई जाने वाली सावधानियों, कानूनी प्रक्रियाओं और मतगणना के दौरान सतर्क रहने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र वैष्णव ने उपस्थित उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए कहा कि काउंटिंग के दौरान पूरी जागरूकता और समझदारी के साथ अपना पक्ष मजबूती से रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एजेंटों को हर चरण पर नजर रखनी चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या धांधली की संभावना न रहे। बैठक में सभी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने भाग लिया तथा चुनाव परिणामों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई।

Uturn Time 29 May 2026_Layout 2 28-05-2026 23:58 Page 10



## राल्सन हाई फ्लायर्स 2026 अवॉर्ड में शिक्षा और प्रतिभा का सम्मान

# यूथ ही देश का आने वाला भविष्य - विधायक दलजीत ग्रेवाल

















लुधियाना/यूटर्न/28 मई। यूटर्न टाइम अखबार और जनहितैषी न्यूज चैनल की और से सैकेंड हाई फ्लायर्स 2026 अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन गुरु नानक देव भवन में किया गया। इस दौरान पंजाब बोर्ड, आईसीसी और सीबीएसई बोर्ड में टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

फंक्शन में शहर के अलग अलग स्कूलों को इनवाइट किया गया। इस दौरान 37 स्कूलों द्वारा अवॉर्ड फंक्शन में हिस्सा लिया गया। जिनके करीब 275 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। वहीं इसी के साथ 80 टीचर्स और 6 प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया। स्टूडेंट्स के पेरेंट्स भी इस अहम पल का हिस्सा बने। इस दौरान गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल बीआरएस नगर, गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल सराभा नगर, कुंदन विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल सिविल लाइंस, एमजीएम पब्लिक स्कूल, पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल पुलिस लाइंस, आरएस मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, रियान इंटरनेशनल स्कूल जमालपुर और रियान इंटरनेशनल स्कूल दुगरी के बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं शहर के सामाजिक और राजनीतिक आगूओं द्वारा भी समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा कि यूथ ही हमारे देश का फ्यूचर है। यूथ पढ़ लिखकर आगे आयेगा तो देश और तरकी करेगा।

लुधियाना के स्टूडेंट्स ने रिजल्ट में अपनी जीत का झंडा लहकर पूरे देश में शहर का नाम रोशन किया है। वहीं फंक्शन में शिरकत करने वालों में प्रमुख रुप से राज्यसभा मेंबर पंजाब सतनाम सिंह संधू, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, बीजेपी पंजाब के कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, बिक्रम सिंह सिद्धू, पंजाब लोक सेवा आयोग के मेंबर सुनील कपूर समेत अलग अलग पार्टियों के कई सीनियर लीडर शामिल हुए। वहीं इस दौरान रॉल्सन के चेयरमैन संजीव पाहवा, रॉल्सन के वाइस प्रेजिडेंट करणजीत सिंह, सॉलिटियर होम्स के एमडी जश्नप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह कुलार, अवतार सिंह भोगल, रिषी पाहवा, राहुल आहुजा, हिमांशु कवात्रा, केके गर्ग, मोंटीवेशनल स्पीकर अंजलि खुराना, अमन भाटिया, नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंद्र शर्मा, नवनीत जैरथ, वीके गोयल, बॉम्बे मैटल के सुनील विरमानी और गौरव विरमानी समेत उद्योग जगत के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

# रिश्वत लेने वाला एएसआई लाइनहाजिर, युवकों ने 500 रुपए देकर वीडियो बना वायरल किया



मोहाली/यूटर्न/28 मई। मोहाली में ट्रैफिक पुलिस के एएसआई का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद एएसआई को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके साथ ही एएसआई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई दो युवकों से रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने बाद हुई है। युवकों ने दावा किया था कि एएसआई ने चालान न काटने की एवज में पैसे मांगे थे। वीडियो में एक युवक ट्रैफिक बूथ के बाहर खड़े एएसआई से बातचीत करता नजर आ रहा है। बातचीत के दौरान युवक पहले 500 रुपये देने की बात करता है, लेकिन एएसआई उससे अधिक पैसे की मांग करता हुआ सुनाई देता है। इसके बाद युवक बाहर खड़े दूसरे व्यक्ति से पैसे लेकर आता है और एएसआई को पकड़ा देता है। वीडियो में युवक चालान न काटने और खींची गई फोटो डिलीट करने की बात भी करता सुनाई देता है। इस पर एएसआई युवक को आश्वासन देता है कि उसका चालान नहीं किया जाएगा।

# दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला की मनाई गई बरसी, पिता बोले - मुझे आज भी परेशान किया जा रहा है

मानसा/यूटर्न/28 मई। पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की चौथी बरसी उनके पैतृक गांव मूसा में मनाई गई। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ का भोग डाला गया। बड़ी संख्या में सिद्धू मूसे वाला के प्रशंसकों के साथ-साथ विधायक प्रगट सिंह, विधायक गुरप्रीत सिंह बनावली, मानसा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता और पंजाबी गायक गुलाब सिद्धू, बलकार अंखीला, जसकरण ग्रेवाल सहित कई लोगों ने सिद्धू मूसे वाला के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।





इस अवसर पर सिद्धू मूसे वाला के पिता ने पंजाब और केंद्र सरकार पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज भी उन्हें अपने जीने के अधिकार के लिए जिला प्रशासन से लगातार गुहार लगानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की कमाई को हड़पने वालों के खिलाफ मामला दर्ज हुए तीन महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक लुक आउट सर्कुलर (LOC) जारी नहीं किया गया है।

## कांग्रेसी नेता ही खत्म करने में लगे

सिद्धू मूसेवाला के पिता ने आगे कहा कि सरकार चाहती है कि वह उनसे समझौता कर लें, लेकिन ऐसा नहीं होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता उन्हें खत्म करना चाहते हैं ताकि वह विधानसभा चुनाव न लड़ सकें। हालांकि, उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि उनके बेटे का सपना विधानसभा में जाने का था और वह अपने बेटे के लिए इंसाफ मांगने विधानसभा जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनके बेटे का सपना गांव में एक खेल स्टेडियम का था, और आज राष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम का उद्घाटन भी किया गया।

## सीएम पंजाब को लेकर गंभीर नहीं

विधायक प्रगट सिंह सिद्धू मूसेवाला के चाचा चमकौर सिंह और गायक बलकार अंखीला ने परिवार को इंसाफ न मिलने पर चिंता जताई। प्रगट सिंह ने कहा कि एक कलाकार के परिवार को अभी तक इंसाफ न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और सुखबीर सिंह बादल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक मुख्यमंत्री 'किकली' सुन रहा है और दूसरा गांव में 'सीप की बाजी' लगाने की बात कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि कोई भी पंजाब के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है।

# टायर फटने से श्रद्धालुओं से भरी बस खेत में घुसी, गुरुद्वारा दर्शन के लिए आए थे 40 श्रद्धालु



पंजाब/यूटर्न/28 मई। बरनाला में बठिंडा-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर तपा मंडी के मॉडर्न ढाबे के पास उस समय एक बड़ा हादसा टल गया, जब श्रद्धालुओं से भरी एक मिनी बस का अचानक अगला टायर फट गया। टायर फटने के बाद अनियंत्रित हुई बस सड़क किनारे खेतों में जा घुसी। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी 40 श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को भी कोई गंभीर चोट नहीं आई है। बस में सवार श्रद्धालु जगतार सिंह ने बताया कि वे सभी जलालाबाद इलाके से संगतों के साथ प्रसिद्ध गुरुद्वारा अड़ीसर साहिब (हंडियाया) में नतमस्तक होने के लिए जा रहे थे। सफर के दौरान अचानक तपा मंडी के पास एक जोरदार धमाके के साथ बस का अगला टायर फट गया। टायर फटते ही बस के भीतर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई और चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे बस सीधे खेतों में जा उतरी।

## टल गया बड़ा जानी नुकसान

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टायर फटने की आवाज इतनी जोरदार थी कि काफी दूर तक सुनाई दी। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त बस के आगे या आसपास कोई दोपहिया या अन्य वाहन नहीं चल रहा था। अगर कोई वाहन पास होता, तो बस उससे टकरा सकती थी और कोई बड़ा दुखदाई नुकसान हो सकता था।

# जागत-जोत सत्कार एक्ट से विवादास्पद धाराओं को हटाया जाए / जत्थेदार मानसोवाल

दलजीत अजनोहा

हुसियारपुर/यूटर्न/28 मई। शिरोमणि अकाली दल के बीत-इलाके (सर्कल) के अध्यक्ष जत्थेदार जगदेव सिंह मानसोवाल ने पंजाब सरकार द्वारा जल्दबाजी में पास किए गए एक्ट 'जागत-ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार एक्ट' के संबंध में कहा कि पंथ की सर्वोच्च शक्ति श्री अकाल तख्त साहिब जी के कार्यकारी जत्थेदार कुलदीप सिंह गढ़गज ने पंजाब सरकार से इस एक्ट से विवादास्पद धाराएँ हटाने का आग्रह किया था, परंतु पंजाब सरकार ने अभी तक हठधर्मी और तानाशाही रवैये अपनाए हुए हैं। इस एक्ट में सुखआसन स्थल के लिए ‪#‬स्टोर‪#‬ शब्द का उपयोग गलत/अनुचित है। इसके अलावा कस्टोडियन से संबंधित धाराएँ, प्रकाशित बीड़ों (बीड़ नामक संस्मरण/सूची) की जानकारी सार्वजनिक करने और स्वरूपों के नंबर लगाने जैसी धाराओं पर पंथ बिल्कुल सहमत नहीं है। जत्थेदार मानसोवाल ने कहा कि कानून बेअदबियों करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सुरक्षा-संबंधी शर्तों पर 983 जैसे अधिक प्रावधान लगा देता है और इससे श्रीमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, ग्रंथी साहिबान और गुरुद्वारा समितियों को कानूनी दायरे में दोषी जैसा बता दिया गया है, जो सिख सिद्धांतों में सीधी सरकारी दखलअंदाजी है। यह एक्ट बिना किसी पंथिक विचार-विमर्श के जल्दबाजी में पास किया गया है। पंथ ने इस कानून को मान्यता नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस एक्ट से विवादास्पद धाराएँ तुरंत हटाकर पंथ की सर्वोच्च शक्ति श्री अकाल तख्त साहिब जी के हुक्म का पालन करे और पंथ की भावनाओं का ख्याल रखते हुए तुरंत ध्यान दे।



# गलत वोटर सूचियों तथा वार्डों के नक्शे बनाए बगैर नगर निगम चुनाव में उतरने को तैयार प्रशासन -तीक्ष्ण सूद

होशियारपुर/यूटर्न/28 मई। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा कहा गया होशियारपुर नगर निगम चुनावों के लिए वोटर सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए एतराजों तथा दावों की समय सीमा खतम हो चुकी है। परंतु अभी तक कोई वव्यवस्थित तैयारिया देखने को नहीं मिल रही। आम आदमी पार्टी के नेता अपनी सहूलीयत के अनुसार वार्डबंदी की अधिसूचना नहीं करवा पाये तो ऊल -जलूल बिना मानयता वाले नक़्शो के आधार पर वोटर सूचिया बनाने पर आमादा है। पहले भी भाजपा के सख्त एतराजों के आगे झुकते हुए सरककर को वोटर सूचियों को दोबारा नए सिरे से बनवाना पड़ा। अब भी लोग जब नगर निगम कार्यलय वार्डो के नक़्शे की कापियां लेने जाते है, यही जबाब न मिलता है कि नक़्शे बने नही। निगम से संबधित चुनावी रुलो में स्पष्ट है कि वार्डो की सरचना के अनुसार जैसे की सरकारी अधिसूचना में दिखाई गई उस प्रकार सही नक़्शे दिखाकर वोट बनाई जाय। मजेदार बात यह ही कि RTI के अंतर्गत मांगी गई सूचना में नगर निगम ने जबाव दिया है कि न ही इस चुनाव के लिए कोई जनगणना हुई न है नक़्शे बनाए गए है। नगर निगम के नियमों तथा उपनियमो के अनुसार नई वार्ड बंदी तभी हो सकती है जब या तो निगम के सीमाओं में बढ़ोतरी हुई हो तथा या आबादी में बढ़ोतरी हुई है। नगर निगम के जबाव के अनुसार यह दोनों चीजों नहीं हुई इस लिये नई वार्डबंदी मूल रूप से नहीं बनाई जा सकती। इस गलती से बचने के लिए निगम के कुछ अधिकारी यह सफाई देने की कोशिश कर रहे है कि वार्ड 2021 के चुनावो वाले ही है। केवल उनका नंबर बदला गया है जो कि सरासर गलत है। सारे नए वार्डो मोहल्लों गलियों का में कोई न कोई फेरबदल किया गया है। इन सभी त्रुटियों के चलते नगर निगम होशियारपुर का सही व निष्पक्ष चुनाव कैसे होगा। इस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है।



## सोनम बाजवा



व्हाइट क्रॉप टॉप और डेनिम लुक में सोनम बाजवा ने फिर बटोरी सुर्खियां।

सिंपल लेकिन ग्लैमरस अंदाज ने फैंस को दीवाना बना दिया है।

सोशल मीडिया पर यूजर्स उन्हें 'नेचुरल ब्यूटी' और 'स्टाइल क्वीन' बता रहे हैं।

उनका कॉन्फिडेंट पोज और मिनिमल मेकअप लुक को बना रहा है और भी खास।

तस्वीरें वायरल होते ही फैंस के बीच चर्चा तेज हो गई है।

Uturn Time 29 May 2026_Layout 2 28-05-2026 23:58 Page 12



# भाजपा का जट्टसिख वोटरों पर फोक्स, केवल ढिल्लों नए प्रदेश प्रधान नियुक्त, जिला प्रधानों की भी हो सकती बदलियां

## कांग्रेस प्रदेश प्रधान को लेकर भी अटकलें तेज

पंजाब/यूटर्न/28 मई। पंजाब में भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले वरिष्ठ नेता केवल सिंह ढिल्लों को नया प्रधान बना दिया है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने यह फैसला लिया है। केवल ढिल्लों 4 साल पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

अब वह पंजाब में भाजपा का पहला जट्टसिख सिख चेहरा होंगे। इससे पहले पार्टी ने सुनील जाखड़ को प्रधान बनाया था। हालांकि, वह लोकसभा चुनाव के बाद से ही इस्तीफा दे चुके थे, लेकिन भाजपा ने उसे मंजूर नहीं किया था। केवल ढिल्लों को प्रधान बनाने की पैरवी हरियाणा के सीएम नायब सैनी भी कर रहे थे। केवल ढिल्लों को पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह का करीबी माना जाता है।

पंजाब के अलावा भाजपा ने हरियाणा, दिल्ली और त्रिपुरा राज्यों के प्रधान भी बदले हैं। हरियाणा में अर्चना गुप्ता, दिल्ली में पूर्व सांसद हर्ष मल्होत्रा और त्रिपुरा में अभिषेक देबराय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### कांग्रेस के पंजाब प्रधान को लेकर भी अटकलें तेज

पिछले कुछ दिनों से भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के ही पंजाब प्रधान को लेकर अलग अलग अटकलें सामने आ रही थी। अब भाजपा ने तो नई नियुक्ति कर दी, इसके बाद कांग्रेस प्रधानगी को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं। चर्चा है कि इस दौड़ में सबसे आगे पूर्व मंत्री विजय इंद्र सिंगला का नाम चल रहा है।

### पंजाब में खिलेगा कमल का फूल

केवल सिंह ढिल्लों को आज जब प्रधान घोषित किया गया, उस समय वह चंडीगढ़ में गवर्नर हाउस में थे। वह बीजेपी के कुछ नेताओं के साथ इलेक्शन कमीशन से मुलाकात के लिए गए थे। इस मौके पर केवल ढिल्लों ने कहा- 2027 में पंजाब में कमल का फूल खिलेगा, भाजपा की सरकार बनेगी। सारी बीजेपी इकट्ठी है। मिलकर बातचीत करेंगे। वेस्ट बंगाल के बाद अब पंजाब की बारी है।

### सीएम मान बोले - बाकी नेताओं को अपमान सहने की शक्ति मिले

वहीं इस बारे में सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया



(एक्स) पर लिखा कि बरनाला में 2017-2019 और 2024 के चुनावों में कांग्रेस से पराजित हुए भाजपा नेता केवल ढिल्लो को भाजपा अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई। सुनील जाखड़ को मेरी हार्दिक संवेदनाएं। ईश्वर रवनीत बिट्टू, मनप्रीत बादल, फतेहजंग बाजवा, तरुण चुघ और अश्वनी शर्मा आदि को इस अपमान को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### जिला प्रधानों पर भी पार्टी कर रही विचार

वहीं जहां एक तरफ भाजपा द्वारा पंजाब प्रधान को बदला गया है। वहीं इस बीच चर्चाएं छिड़ गई हैं कि अब पार्टी जिला प्रधानों को भी बदल सकती है। जिसके चलते नए जिला प्रधान नियुक्त किए जा सकते हैं। पार्टी के सीनियर लीडर इस पर विचार कर रहे हैं।

# हलवारा एयरपोर्ट से बढ़ेगी पंजाब की हवाई कनेक्टिविटी, एयर इंडिया ने जारी किया नया शेड्यूल

लुधियाना/यूटर्न/28 मई। Air India ने पंजाब के हलवारा एयरपोर्ट से देश और विदेश के कई बड़े शहरों के लिए नया कनेक्टिंग फ्लाइट शेड्यूल जारी किया है। इस घोषणा के बाद लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नए शेड्यूल के अनुसार हलवारा एयरपोर्ट से मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों के लिए नियमित कनेक्टिंग फ्लाइट्स उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा बैंकॉक, वियतनाम और सिंगापुर जैसे अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। एयर इंडिया द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कई उड़ानें रोजाना संचालित की जाएंगी, जिससे व्यापारियों, उद्योगपतियों और विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा।

लुधियाना क्षेत्र लंबे समय से बेहतर हवाई सेवाओं की मांग कर रहा था। अब हलवारा एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी बढ़ने के बाद पंजाब के औद्योगिक क्षेत्र को नई गति मिलने की संभावना है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे पर्यटन, व्यापार और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

एयर इंडिया ने यात्रियों को सलाह दी है कि उड़ानों के समय और अन्य अपडेट के लिए कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी जरूर जांच लें, क्योंकि शेड्यूल में समय-समय पर बदलाव संभव है।

# कच्चा मलक रोड पर ज्वेलर्स की दुकान पर हथियारों के बल पर लूट की वारदात

## कथित लुटेरे सोने की चेन और चांदी के गहने लेकर फरार, एक व्यक्ति घायल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/28/मई। जगरांव के कच्चा मलक रोड पर उस समय दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब मोटरसाइकिल सवार कथित लुटेरों द्वारा एक ज्वेलर्स की दुकान पर हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कच्चा मलक रोड पर स्थित फेंसी कंडा ज्वेलर्स नामक दुकान पर देर शाम तीन युवक पहुंचे, जिनके पास नंगी कृपाण और दो पिस्तौल होने की बात कही जा रही है। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक, इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, उक्त युवकों ने दुकान पर मौजूद एक ग्राहक पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। दुकानदार ने बताया कि इसके बाद कथित लुटेरों द्वारा दुकान से सोने की चेन और चांदी के गहनों के डिब्बे लूट कर ले जाने की बात कही गई है। उनके अनुसार, इस वारदात के दौरान लगभग 2.5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। पीड़ित ने यह भी बताया कि जाते समय कथित लुटेरे एक थैला वहीं छोड़ गए, जिसे पास के ही एक दुकानदार द्वारा खोला गया।






### चश्मदीद का बयान

*घटनास्थल के पास स्कूटर रिपेयर की दुकान चलाने वाले आकाशदीप सिंह ने बताया कि तीन युवक काफी देर से उनकी दुकान के सामने खड़े रहे और उन्होंने वहां पानी भी पिया। उन्होंने बताया कि जब वह बाजार से सामान लेने गए और वापस आए, तो उन्होंने देखा कि उक्त युवकों द्वारा सामने स्थित ज्वेलर्स की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। चश्मदीद के मुताबिक, जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो एक युवक ने रिवॉल्वर दिखाकर धमकी दी, जिसके बाद वह पीछे हट गए। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद तीनों युवक बाइक पर शहर की तरफ फरार हो गए।*

### पुलिस का पक्ष

थाना सिटी के प्रमुख इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और इलाके के सीसीटीवी (CCTV) फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372